(मूल प्रश्नपत्र)

दिनांक 29.07.2022 को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु हाई स्कूल स्तर की लिखित परीक्षा का प्रश्नपत्र

समय : 2 घण्टे | पूर्णांक : 100 अंक

नोट :– नीचे दिये गये सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिये गये हैं।

प्र0सं0	प्रश्न	अंक
1	(i) निम्न में किसी एक पर निबन्ध लिखें (300 शब्दों में) :– 1. रेल यात्रा का अनुभव 2. आतंकवाद 3. संयुक्त परिवार 4. विज्ञान के चमत्कार	10
	(ii) निम्न में से किसी एक पर पत्र लिखें – • अपने एटीएम कार्ड को फिर से जारी करने के लिए बैंक प्रबन्धक को पत्र लिखें। अथवा • बुखार होने के कारण विद्यालय से छुट्टी लेने के संबंध में अपने प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें।	05
2	(i) पर्यायवाची– एक सही पर्यायवाची बतायें – 1. उज्ज्वल – (क) स्वच्छ (ख) धवल (ग) पवित्र (घ) कृष्ण 2. कटिबद्ध – (क) तैयार (ख) कमरबन्द (ग) निर्दयी (घ) विक्षिप्त 3. तरंग – (क) क्षीण (ख) काया (ग) ऊर्मि (घ) प्रतिकृति 4. नौकर – (क) परिचालक (ख) आर्यपुत्र (ग) भृत्य (घ) अंशज 5. मृगेन्द्र – (क) अहि (ख) कुरंग (ग) हय (घ) शार्दूल	1 X 5 = 5
	(ii) मुहावरें/कहावतें का अर्थ लिखें – 1. अंगारों पर पैर रखना 2. इतिश्री करना 3. उल्टी गंगा बहाना 4. एक तो करेला और दूसरा नीम चढ़ा 5. कौड़ी–कौड़ी पर जान देना	1 X 5 = 5
	(iii) विलोम – एक सही विलोम बतायें – 1. अक्षत – (क) क्षति (ख) चावल (ग) विक्षत (घ) पूर्ण 2. ओजस्वी – (क) कायर (ख) निस्तेज (ग) भीरू (घ) आलसी 3. कृतज्ञ – (क) कृतघ्न (ख) कृतार्थ (ग) निन्दक (घ) प्रत्युपकार 4. गणतन्त्र – (क) जनतन्त्र (ख) राजतन्त्र (ग) शासनतन्त्र (घ) लोकतन्त्र 5. छिन्न – (क) भिन्न (ख) अभिन्न (ग) प्रक्षिप्त (घ) संलग्न	1 X 5 = 5
3	सामान्य ज्ञान – सही या गलत बतायें :– 1. अकबर के दरबार में प्रसिद्ध कवि रहीम खान थे। 2. सौर परिवार का सबसे बड़ा ग्रह मंगल है। 3. प्राकृतिक गैस का प्रमुख तत्व मीथेन है। 4. भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रधानमंत्री करते हैं। 5. विश्व का विशालतम न्यायिक प्राधिकरण भारत का सुप्रीम कोर्ट है। 6. भारत में सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज कलकत्ता (कोलकाता) में खुला था। 7. घूमर लोकनृत्य राजस्थान का है। 8. कादम्बरी के लेखक बाणभट्ट हैं। 9. विश्व जनसंख्या दिवस 25 जुलाई को मनाया जाता है। 10. आर्द्रता बैरोमीटर से मापी जाती है।	2 X10 = 20

35

(मॉडल प्रश्नपत्र)

(हाई स्कूल स्तर)

4	सामान्य ज्ञान – रिक्त स्थान भरें :– 1. .... को लाल ग्रह के नाम से भी जाना जाता है। 2. आर्य समाज की स्थापना .... ने की थी। 3. नेपाल के राष्ट्रगान के रचयिता .... हैं। 4. सुपरसॉनिक स्पीड मापने का यूनिट .... है। 5. रेडियो तरंग का वेग .... होता है।	2 X 5 = 10
5	गणित :– 1. कोयले का मूल्य 20 प्रतिशत बढ़ता है, तो उपभाग में कितने प्रतिशत कम कर दें कि उसके खर्च में बढ़ोत्तरी न हो? 2. 18 वस्तुओं का क्रय मूल्य, 15 वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर है। लाभ प्रतिशत है? 3. 7 छात्रों के अंकों का औसत 14 है। 6 छात्रों के अंक 18, 12, 15, 13, 11, 17 है, तो सातवें छात्र के अंक हैं? 4. यदि 12 व्यक्ति एक कुएं को 20 दिन में खोद सकें, तो 15 दिन में इस कुएं को खोदने के लिए कितने व्यक्ति लगाने होंगे? 5. 2, 15, 41, 80, ? में प्रश्नचिन्ह का मान है?	4 X 5 = 20
6	GIVE ONE WORD FOR THE FOLLOWING IN HINDI :- 1- Attractive 2- Coward 3- Fair 4- Thin 5- Proposal	2 X 5 = 10
7	GIVE ONE WORD FOR THE FOLLOWING IN ENGLISH :- 1. सालगिरह 2. सलाहकार 3. प्रशासन 4. पुस्तकालय 5. संस्कृति	2 X 5 = 10

3/8